दिनांकः 18.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज झालावाड और बारां जिले के दौरे पर हैं वे आज सुबह झालावाउ के झालरापाटन पंहुचें राज्यपाल जैविक उत्कृष्टता केन्द्र में जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं इसके बाद उनका बारां जाने का कार्यक्रम हैं श्री बागडे जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेंगें वे शाहाबाद तहसील के भांतिपुरा गांव में मॉडल कॉलोनी का निरीक्षण करेंगें इसके साथ ही राज्यपाल विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगें

.................................................................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज राजसमंद के भिक्षु निलयम में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जनसभा को संबोधित करेंगें इससे पहले उन्होंने कांकरोली स्थित द्वारकाधीश मंदिर में राजभोग की झांकी के दर्शन किये और प्रदेश में खुशहाली की कामना कीं मुख्यमंत्री राजसमंद झील का पूजन भी करेंगें इस बीच प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जन भागीदारी के माध्यम से बारिश के पानी को सहेजने के लिए विभिन्न काम किये जा रहे हैं इनमें पुरानी जल संरचनाओं की मरम्मत, पारम्परिक जल स्त्रोतों का रखरखाव और साफ सफाई जैसे काम शामिल हैं इसी कडी में आज झुंझुनूं जिले के बिबानी धाम में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गयां इसमें नगर परिषद के कार्मिकों ने हिस्सा लियां पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत भीलवाडा के दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ परिषद में जिलास्तरीय पौधा वितरण कार्यक्रम की शुरूआत करेंगें

.................................................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राइजिंग राजस्थान पार्टनरशिप कॉन्क्लेव 2025 जयपुर में आगामी 11 और 12 दिसम्बर को आयोजित की जायेगीं इससे प्रदेश की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निवेश साझेदारी को और मजबूती मिलेगीं वे कल मुख्यमंत्री निवास पर पार्टनरशिप कॉन्क्लेव की कार्ययोजना के संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थें मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट–2024 के दौरान हुए एमओयू की क्रियान्विति से प्रदेश के औद्योगिक तथा आर्थिक परिदृश्य में आए बदलावों के बारे में निवेशकों को जानकारी दी जाएगीं साथ ही वर्ष 2026 के प्रस्तावित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर राज्य सरकार के विजन को प्रस्तुत किया जायेगां उन्होंने अधिकारियों को कॉन्क्लेव की तैयारी के संबंध में समयबद्ध तरीके से काम करने के लिए निर्देश दियें

.................................................................

अजमेर स्थित राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय का 9वां दीक्षांत समारोह कल आयोजित किया जायेगां समारोह में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी शिरकत करेंगें समारोह में 49 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जायेंगें दीक्षांत समारोह से पहले शिक्षा मंत्री का विश्वविद्यालय के लेखक छात्रावास भोजनालय और नायक जगन्नाथ सिंह अकादमी भवन सहित विभिन्न विकास कार्यो के शिलान्यास का कार्यक्रम हैं

.................................................................

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत आयोजित पूर्वाभ्यास कार्यक्रमों में आज मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने निवास पर बच्चों के साथ योगाभ्यास कियां इस कार्यक्रम में अधिकारी और योग तथा फिटनेस प्रशिक्षक शामिल हुएं मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि प्रदेशवासियों को योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिएं योग जीवन में अनुशासन, संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता हैं इस बीच प्रदेशभर में शिविर लगाकर लोगों को योग प्रशिक्षण देकर योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं भीलवाडा की भूणास ग्राम पंचायत में पूर्वाभ्यास शिविर लगाया गयां इसमें भाजपा विधायक तथा बडी संख्या में लोगों ने विभिन्न योगासन किएं

.................................................................

जयपुर से करौली के कैला देवी धार्मिक स्थल के लिए राजस्थान रोडवेज की ओर से आज से नई एसी डीलक्स बस सेवा शुरू की गई हैं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष शुभ्रा सिंह ने बताया कि प्रदेश की जनता की सुविधा के लिए निगम की ओर से विभिन्न धार्मिक स्थलों के लिए बसें शुरू की गई हैं इनमें वर्तमान में जयपुर

से करणीमाता, रामदेवरा, खाटूश्याम जी, सालासर बालाजी धाम, गोवर्धन जी, अयोध्या धाम, गोरखपुर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, हरिद्वार, मथुरा और डिग्गी कल्याण जी के लिए बसें चलाई जा रही हैं

.....................................................................

आरएएस मुख्य परीक्षा 2024 आज दूसरे दिन भी कड़ी सुरक्षा के बीच आयोजित की जा रही हैं दो पारियों में हो रही ये परीक्षा जयपुर और अजमेर के 77 परीक्षा केंद्रों पर हो रही हैं इनमें जयपुर में 48 और अजमेर में 29 केंद्र शामिल हैं पहली पारी में सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक परीक्षा ली गईं वहीं दूसरी पारी में दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक परीक्षा चलेगीं कल पहले दिन पहली पारी में लगभग 84 प्रतिशत और दूसरी पारी में 83 दशमलव 78 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहें

.....................................................................